महादेवा ओ महादेवा,
सारी उमर करूं मैं तेरी सेवा
भोले जी बेड़ा पार करना
भोले जी मेरी लाज रखना,
शम्भू जी मेरी लाज रखना

तेरी जटा से गंगा रहती
सारे भक्तों के पापों को हरती
भोले जी बेड़ा पार करना...
महादेवा ओ महादेवा,
सारी उमर करूं मैं तेरी सेवा

भक्त लगा रहे गोता, भोले जी.

तेरे माथे पर चंदा निराला
करे भक्तों के घर उजियारा,
भोले जी बेड़ा पार करना...

तेरे हाथों में डमरू विराजे
सब भक्तों के कष्ट मिटा दे,
भोले जी बेड़ा पार करना...

तेरे हाथों में त्रिशूल साजे
सारे पपियों का नाश मिटा दे,
भोले जी बेड़ा पार करना...

तेरे संग में गौरा विराजे
अब आके दरश दिखा दे,
भोले जी बेड़ा पार करना...
महादेवा ओ महादेवा,
सारी उमर करूं मैं तेरी सेवा